क्या आपके पास स्मार्टफोन अथवा इंटरनेट की सुविधा नहीं है?

*99# का उपयोग कर डिजिटल माध्यम से जुड़े

यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जिससे बिना इंटरनेट कनेक्शन वाले फीचर फोन/स्मार्ट फोन के द्वारा यू.एस.एस.डी. कोड (*99#) डायल करके दो बैंक खातों के बीच धन का लेन–देन किया जा सकता है।

*99#

आप इसका उपयोग कर सकते हैं, यदि...

➤ आपका मोबाईल नंबर आपके बैंक खाते से जुड़ा हुआ हो।

➤ आपके पास एक एटीएम/डेबिट कार्ड हो।

रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया

1. *99# डायल करें और भाषा का चयन करें।
2. अपने बैंक खाता के आई.एफ.एस. कोड के पहले चार अंक को टाइप करें।
3. बैंक खाते का चयन करें
4. आपका मोबाईल नंबर ही आपका वर्चुअल पेमेंट ऐड्रेस (वी.पी.ए.) अथवा यू.पी.आई. आई.डी. होगा।
5. *99*7*1# डायलकर यू.पी.आई. पिन बनाएँ जिसमें निम्नांकित संकेतों का कुंजी में प्रयोग करें।
   ➤ एटीएम कार्ड के अंतिम 6 अंक
   ➤ एटीएम कार्ड की वैध अवधि की समाप्ति का माह और वर्ष

➤ अपने यू.पी.आई. पिन के प्रयोग द्वारा आप किसी भी लाभार्थी को केवल उसके वर्चुअल ऐड्रेस के आधार पर निर्बाध रूप से धन का लेन–देन कर सकते हैं।

➤ यदि लाभार्थी के पास कोई वर्चुअल ऐड्रेस नहीं है, तो आई.एफ.एस.सी. और खाता संख्या के द्वारा या आधार संख्या से जुड़े बैंक खाते मे अथवा मोबाईल नंबर के माध्यम से धन के लेन–देन की सुविधा भी उपलब्ध है।

➤ यू.पी.आई. और *99# पर रजिस्टर्ड लाभार्थी को *99# द्वारा धन का ट्रांसफर किया जा सकता है।



➤ त्वरित एवं तत्काल ट्रांसफर की चौबीसों घंटे (24X7) सुविधा।

➤ सुरक्षितऔर विश्वसनीय माध्यम।

Design: Anupam Sharma01/17

*99#

वित्तीय समावेशन एवं विकास विभाग
भारतीय रिज़र्व बैंक
www.rbi.org.in